SPEED POST

31

दूरभाष : नियंत्रक : 2550931
फैक्स : 2551069
उप नियंत्रक : 2551069

कार्यालय, नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग

अरेरा हिल्स, मैदा मिल रोड, भोपाल---462 011

क्रमांक जी.बी.दो (13)/2009-10/20 भोपाल, दिनांक 8 मार्च, 2010

प्रति,

समस्त कलेक्टर,
मध्यप्रदेश,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत,
मध्यप्रदेश

विषय :- गैर सरकारी मुद्रकों से मुद्रण के संबंध में।

---0---

जिला पंचायत के एक मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पत्र दिनांक 11.2.2010 से इस कार्यालय के संज्ञान में यह आया है कि अजंता पैकेजिंग, इन्दौर ने उक्त जिला पंचायत में माप पुस्तिका रजिस्टर के मुद्रण से संबंधित प्रस्तुत देयक पर अंकित, इस कार्यालय की परीक्षण समिति की जांच टीप जाली है एवं इस कार्यायल के नाम से उक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी को संबोधित पत्र भी इस कार्यालय से जारी न होते हुए, जाली है। उक्त बिल से वेट टेक्स कितने प्रतिशत काटा जाना है, इसके संबंध में भुगतान किये जाने के पूर्व उक्त जिला पंचायत कार्यालय द्वारा इस कार्यालय से मार्ग दर्शन चाहा गया, तब परीक्षण में उक्त प्रकरण संज्ञान में आया।

2- उक्त स्थिति के संज्ञान में आने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को वस्तुथिति की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया गया है कि "प्रकरण प्रथम दृष्टया जालसाजी का प्रतीत होता है अतः संबंधित मुद्रक के विरूद्ध पुलिस कार्यवाही आकर्षित होती है। प्रकरण में यह जांच कराकर स्थानीय स्तर पर जालसाजी का प्रकरण दर्ज कराए जाने के संबंध में कार्यवाही की जाए" इस आशय के निर्देश दिए गए हैं ।

3/ आपके जिले में ऐसी स्थिति निर्मित न हो, अतः उक्त तथ्यों को ध्यान में लाते हुए अनुरोध है कि संबंधित अधिकारियों को विशेष सजगता बरतने के निर्देश देने का कष्ट करें।

उप नियंत्रक
वास्ते नियंत्रक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0,भोपाल
8/3/2010